# रजत जयंती समारोह

## संस्थान की रजत जयंती समारोह का शुभारंभ किया गया

**01 अगस्त 2023**

राजकीय बौद्धिक दिव्यांगजन पुनर्वास संस्थान (ग्रिड), सेक्टर 31 के द्वारा आज संस्थान परिसर में अपना रजत जयंती समारोह का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चिकित्सा शिक्षा एवं शोध विभाग चंडीगढ़ प्रशासन के सचिव श्री यशपाल गर्ग थे। उन्होंने संस्थान के द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यो के लिए बधाइयां दी और इन बच्चों के शिक्षा में संलग्न विशेष शिक्षकों की सराहना करते हुए बताया कि बौद्धिक दिव्यांग बच्चों की शिक्षा एक अत्यंत चुनौतीपूर्ण कार्य है और इसके लिए असीम धैर्य की जरूरत होती है।

गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल, सेक्टर 32 के डायरेक्टर प्रिंसिपल सह संस्थान के निदेशक डॉ जसविंदर कौर ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह के साथ सम्मानित किया एवं यहां के प्रोफेशनल की प्रशंसा करते हुए बताया कि वे दिव्यांगजन के साथ संवेदनात्मक रूप से जुड़कर कार्य करते हैं।

संस्थान के के संयुक्त निदेशक डॉ प्रीति अरुण ने ग्रिड के 25 बरसों की यात्रा वृतांत का उल्लेख किया। साथ ही बताया कि माता पिता यहां से थेरेपी प्राप्त करने के बाद अपनी संतुष्टि व्यक्त करते हैं, जो कि आमतौर पर बाहर महंगी होती है। डॉ रीना जैन ने सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।
रजत जयंती समारोह के प्रथम दिन आज बौद्धिक दिव्यांग बच्चों के लिए दिव्यांगता प्रमाण पत्र निर्गत करने के उद्देश्य से एक दिव्यांगता मूल्यांकन शिविर का आयोजन किया गया जिसमें पड़ोसी जिले के करीब 40 बच्चों ने भाग लिया।

इस कार्यक्रम में संस्थान के प्रशासनिक अधिकारी श्री जसपाल शर्मा, कार्यवाहक प्राचार्य सुश्री वंदना सिंह, पाठ्यक्रम समन्वयक डॉ रवि इत्यादि उपस्थित रहे।

रजत जयंती समारोह के तहत 2 अगस्त को आंगनवाड़ी केंद्र, सेक्टर 41 में जागरूकता कार्यक्रम एवं कॉलेज ऑफ एजुकेशन, सेक्टर 20 में दो दिवसीय ट्राइसिटी योग प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

dainik bhaskar

# धर्म - समाज - संस्था

दैनिक भास्कर

डिसएबिलिटी यूनिवर्सिटी बनने की राह में गवर्नमेंट रिहैबिलिटेशन इंस्टीट्यूट फॉर इंटलेक्चुअल डिसएबिलिटीज

## अगस्त से 1 सितंबर तक ग्रिड मना रहा अपनी सिल्वर जुबली, कैंपस में अलग-अलग एक्टिविटी की जाएंगी

सिटी रिपोर्टर | चंडीगढ़



गवर्नमेंट रिहैबिलिटेशन इंस्टीट्यूट फॉर इंटलेक्चुअल डिसएबिलिटीज यानी ग्रिड सेक्टर-31 अपनी सिल्वर जुबली मना रहा है। ग्रिड में चिल्ड्रन विद स्पेशल नीड्स यानी सीडब्ल्यूएसएन को और विशेषतौर से इंटलेक्चुअली चैलेंज्ड को रिहैब्लिटेट कर मेनस्ट्रीम सोसायटी में एकीकृत किया जाता है। अब तक 1.3 लाख को यहां असेस किया जा चुका है। कैंपस में एक स्कूल है, जहां 450 स्टूडेंट्स हैं। क्लीनिक है, जहां डिसएबिलिटी को असेस किया जाता है और एक कॉलेज है जहां स्पेशल एजुकेशन में डीएड, बीएड और एमएड करवाई जाती है। यह पीयू चंडीगढ़ से एफिलिएट है। ग्रिड की जॉइंट डायरेक्टर डॉ. प्रीति अरुण ने बताया कि इंस्टीट्यूट को डिसएबिलिटी यूनिवर्सिटी बनाने की दिशा में काम चल रहा है। प्रोसेस थोड़ा लंबा है, इसलिए वक्त लगेगा। उन्होंने बताया जल्द सेंसरी गार्डन बनाने का काम शुरू हो रहा है और यह गार्डन अगले 3 महीने में बनकर तैयार हो जाएगा।

### सिल्वर जुबली प्रोग्राम में ये एक्टिविटीज

1 अगस्त से 1 सितंबर तक कैंपस में अलग-अलग एक्टिविटीज आयोजित की जा रही हैं। इनमें असेसमेंट कैंप से लेकर आंगनवाड़ी वर्कर्स के लिए अवेयरनेस प्रोग्राम, नुक्कड़ नाटक, ट्री प्लांटेशन, इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस आदि शामिल हैं। मंगलवार को हुए असेसमेंट कैंप में चंडीगढ़ प्रशासन के मेडिकल एजुकेशन विभाग के सेक्रेटरी डॉ. यशपाल गर्ग चीफ गेस्ट के तौर पर पहुंचे। इंटलेक्चुअली डिसएबल्ड बच्चों को डिसएबिलिटी सर्टिफिकेट इशु करने के उद्देश्य से इस कैंप को आयोजित किया गया और इसमें 40 बच्चों ने पार्टिसिपेट किया।

## दिव्यांगता मूल्यांकन शिविर का आयोजन



**चंडीगढ़।** राजकीय बौद्धिक दिव्यांगजन पुनर्वास संस्थान (ग्रिड), सेक्टर 31 के द्वारा संस्थान परिसर में अपना रजत जयंती समारोह का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चिकित्सा शिक्षा एवं शोध विभाग चंडीगढ़ प्रशासन के सचिव श्री यशपाल गर्ग थे। उन्होंने संस्थान के द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए बधाइयां दी और इन बच्चों के शिक्षा में संलग्न विशेष शिक्षकों की सराहना करते हुए बताया कि बौद्धिक दिव्यांग बच्चों की शिक्षा एक अत्यंत चुनौतीपूर्ण कार्य है और इसके लिए असीम धैर्य की जरूरत होती है।

गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल, सेक्टर 32 के डायरेक्टर प्रिंसिपल सह संस्थान के निदेशक डॉ जसविंदर कौर ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह के साथ सम्मानित किया एवं यहां के प्रोफेशनल की प्रशंसा करते हुए बताया कि वे दिव्यांगजन के साथ संवेदनात्मक रूप से जुड़कर कार्य करते हैं। संस्थान के के संयुक्त निदेशक डॉ प्रीति अरुण ने ग्रिड के 25 बरसों की यात्रा का उल्लेख किया। साथ ही बताया कि माता पिता यहां से थेरेपी प्राप्त करने के बाद अपनी संतुष्टि व्यक्त करते हैं। डॉ रीना जैन ने सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। रजत जयंती समारोह के प्रथम दिन बौद्धिक दिव्यांग बच्चों के लिए दिव्यांगता प्रमाण पत्र निर्गत करने के उद्देश्य से एक दिव्यांगता मूल्यांकन शिविर का आयोजन किया गया जिसमे करीब 40 बच्चों ने भाग लिया।

मीडिया कवरेज



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री जसपाल गर्ग का स्वागत करते हुए संस्थान के विशेष विद्यालय के छात्रगण।



क्लीनिक में अभिभावकों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि।



मुख्य अतिथि श्री जसपाल गर्ग जीएमसीएच - 32 के डायरेक्टर प्रिंसिपल सह संस्थान के निदेशक डॉ जसविंदर कौर, संस्थान के संयुक्त निदेशक डॉ प्रीति अरुण, विशेष विद्यालय की कार्यवाहक प्रिंसिपल श्रीमती वंदना सिंह एवं कोर्स समन्वयक डॉ रवि के एम के साथ दीप प्रज्वलित करते हुए।



जीएमसीएच 32 के डायरेक्टर प्रिंसिपल सह संस्थान के निदेशक डॉ जसविंदर कौर एवं संस्थान के संयुक्त निदेशक डॉ प्रीति अरुण मुख्य अतिथि श्री जसपाल गर्ग जी को पौधे भेंट कर स्वागत करते हुए।




कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चिकित्सीय शिक्षा एवं शोध विभाग, चंडीगढ़ प्रशासन के सचिव श्री जसपाल गर्ग श्रोताओं को संबोधित करते हुए।




संस्थान के विशेष विद्यालय के छात्रगण मुख्य अतिथि, संस्थान के निदेशक, संयुक्त निदेशक, प्रभारी प्राचार्या, क्लीनिक इंचार्ज, एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिसर, कोर्स कोआर्डिनेटर एवं अन्य अधिकारियों के साथ।